# Govt.M.V.PG.College, Bhanupratappur

# National Service Scheme

## EXTENSION ACTIVITIES OF THE COLLEGE

Our College inculcates social value in staff and students through various extension activities such as social work, health awareness, cleanliness campaign etc. NSS Volunteers of college go to villages to do survey on health, hygiene, toilet facilities, literacy etc. NSS volunteers work in villages, slums to complete 120 hours of regular activities during an academic year. NSS volunteers remain in touch with the local community. During 7 days NSS camp they live with the members of the community.

The broad objectives of NSS are to:-

- Understand the community in which they work.
- Understand themselves in relation to their community.
- Identify the needs and problems of the community and involve them in problem Clung process.
- Gain skills in mobilizing community participation.
- Acquire leadership qualities and democratic attitudes.
- Develop capacity to meet emergencies and natural disasters.
- Understanding the community in which the volunteers work.
- Understanding their relationship with the community in which the volunteers work.
- Identifying the needs of the community in which they work and involve the local people in their task.
- Development of social and civic responsibility in the volunteers.
- Use their knowledge in solving the problems of the local population in that area.
- Development of competence in volunteers which is required for living in group and sharing of responsibilities.
- Gain skills in organizing community participation.
- Acquirement of leadership qualities and democratic attitudes of the volunteers.

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## नियमित गतिविधि कार्यक्रम का विवरण

1. वित्तीय वर्ष 2022-23 2. महाविद्यालय/विद्यालय का नाम शा० भा० प्र० स्ना० महा० भानुप्रतापपुर कोड व
4. जिला का नाम उ० ब० कांकेर 5. कार्यक्रम अधिकारी का नाम रितेश कुमार नाग
6. आवंटित छात्र संख्या 100 7. वास्तविक पंजीयन 125 छात्र 50 छात्रा 75 कुल 125
8. 120 घण्टे पूर्ण करने वाले रासेयो छात्र/छात्रा की कुल संख्या 24+41 = 65
9. पूर्व वित्तीय वर्ष की अवशेष राशि 30800/- 10. इस वित्तीय वर्ष की राशि निरंक
11. (क्र. 9$10 कुल योग 30800/- 12 वित्तीय वर्ष में व्ययित राशि (बैंक कलेक्शन चार्ज सहित)
13. अव्ययित राशि (वित्तीय वर्ष के अंत में )

14.

| क्र. | व्यय का शीर्ष | व्यय पात्रता | वास्तविक व्यय | अधिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रासेयो छात्र का स्वल्पाहार | 25500/- | 27200/- | — |
| 2 | डाक व्यय,यातायात,स्टेशनरी आदि / फ्लैक्स | — | 1000/- | — |
| | कुल योग | — | 28200/- | — |

15.

| क्र. | दिनांक | संपन्न आयोजित कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या | व्ययित घन्टे | कार्यस्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 20/08/22 | वृक्षारोपण कार्यक्रम | 10+20 = 30 | 2 घंटे | महाविद्यालय परिसर |
| 02 | 24/09/22 | रासेयो स्थापना दिवस | 20+30 = 50 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 03 | 10/10/22 | महर्षि वाल्मीकि जयंती | 25+40 = 65 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 04 | 31/10/22 | राष्ट्रीय एकता दिवस | 30+50 = 80 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 05 | 02/11/22 | छ०ग० राज्य स्थापना दिवस | 28+53 = 81 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 06 | 05/11/22 | महा० परिसर की साफ-सफाई | 35 + 60 = 95 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 07 | 08/11/22 | राष्ट्रीय साहसिक शिविर में शामिल छात्र-छात्राओं का सम्मान | 33 + 65 = 98 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| 08 | 10/11/22 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | 38 + 66 = 104 | 4 घंटे | महाविद्यालय |
| 09 | 12/11/22 | महा० परिसर की साफ-सफाई | 37 + 65 = 102 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| 10 | 17/11/22 | स्वीप कार्यक्रम क्विज/भाषण | 35 + 62 = 97 | 4 घंटे | महाविद्यालय |

प्राचार्य
Principal
Govt. M.V.P.G.College
Bhanupratappur (उ०ब०) रासेयो जिला

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शा.म.वा.महा.भानुप्रतापपुर

Scanned with OKEN Scanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## नियमित गतिविधि कार्यक्रम का विवरण

1. वित्तीय वर्ष 2022-23 2. महाविद्यालय / विद्यालय का नाम शा० मा० वा० स्ना० महा० भानुप्रतापपुर
4. जिला का नाम उ० ब० कांकेर 5. कार्यक्रम अधिकारी का नाम दिनेश कुमार नाग
6. आवंटित छात्र सं.ख्या 100 7. वास्तविक पंजीयन 125 छात्र 50 छात्रा 75 कुल 125
8. 120 घण्टे पूर्ण करने वाले रासेयो छात्र/छात्रा की कुल संख्या 24+41 = 65
9. पूर्व वित्तीय वर्ष की अवशेष राशि 30800/- 10. इस वित्तीय वर्ष की राशि निरंक
11. (क्र. 9$10कुल योग 30800/- 12वित्तीय वर्ष में व्ययित राशि (बैंक कलेक्शन चार्ज सहित)
13. अव्ययित राशि (वित्तीय वर्ष के अंत में )
14.

| क्र. | व्यय का शीर्ष | व्यय पात्रता | वास्तविक व्यय | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रासेयो छात्र का स्वल्पाहार | 25500/- | 27200/- | — |
| 2 | डाक व्यय,यातायात,स्टेशनरी आदि | — | 1000/- | — |
| | कुल योग | — | 28200/- | — |

15.

| क्र. | दिनांक | संपन्न आयोजित कार्य का विवरण | भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या | अवधि घन्टे | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| (11) | 19/11/22 | मतदाता जागरूकता रैली | 45 + 70 = 115 | 3 घंटे | भानुप्रतापपुर |
| (12) | 01/12/22 | विश्व एड्स दिवस | 30 + 60 = 90 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| (13) | 05/12/22 | विधानसभा उपनिर्वाचन में मतदाता मित्र के रूप में कार्य | 14 + 36 = 50 | 6 घंटे | मतदान केन्द्र [भानुप्रतापपुर क्षेत्र] |
| (14) | 10/12/22 | अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस | 32 + 62 = 94 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| (15) | 14/12/22 | वाहन पार्किंग व्यवस्था करना | 31 + 61 = 92 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| (16) | 27/12/22 | मॉक पीयर टीम [सांस्कृतिक] | 35 + 66 = 99 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| (17) | 04/01/23 | महा० परिसर की साफ-सफाई | 36 + 65 = 101 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| (18) | 05/01/23 | नैक पीयर टीम [सांस्कृतिक] | 34 + 65 = 99 | 2 घंटे | महाविद्यालय |
| (19) | 12/01/23 | राष्ट्रीय युवा दिवस | 37 + 63 = 100 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| (20) | 25/01/23 | राष्ट्रीय मतदाता दिवस | 30 + 56 = 86 | 4 घंटे | शिविर स्थल |
| (21) | 06/01/23 | साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम | 32 + 57 = 89 | 3 घंटे | महाविद्यालय |
| (22) | —"—"— | राज्य स्तरीय शिविर में शामिल छात्र का सम्मान किया गया | 30 + 60 = 90 | 1 घंटे | महाविद्यालय |

प्राचार्य
Principal
Govt. M.V.P.G. College
Bhanupratappur (कांकेर), प्राचार्य जिला

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शा म.वा.महा. भानुप्रतापपुर

Scanned with OKEN Scanner

Page :
Date : / /

कार्यक्रम सूचना दिनांक – 10/11/2022

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर जिला – उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक – 12/11/2022 दिन – शनिवार समय – 10:30 बजे से नियमित गतिविधि के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ – सफाई की जाएगी। स्वच्छता गतिविधि में आप सभी की भागीदारी अनिवार्य है।

महादलनायक – रैन सिंह कोंगे – [signature]

महादलनायिका – दिव्या टांडिया – Divya

सहायक कार्यक्रम अधिकारी – [signature]

[signature]
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शा.म.वा.महा.भानुप्रतापपुर

Page :
Date : / /

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ०ग०) में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक - 12/11/2022 दिन - शनिवार समय - 10:30 बजे नियमित गतिविधि के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता गतिविधि में 37 स्वयंसेवक 65 स्वयंसेविका ने सहभागिता किया।
फोटो एवं पेपरकटिंग फाईल में संलग्न है।

महादलनायक — रैनसिंह कोरे —

महादलनायिका — दिव्या टांडिया — Divya

सहायक कार्यक्रम अधिकारी —

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शा म.वा.महा.भानुप्रतापपुर

Principal
Govt. M.V.P.G.College
Bhanupratappur (C.G.)

NSS Regular Activity - Intellectual Discussion
Date - 04/11/2022 & 05/11/2022





शा. म. वा. पी. जी. महावि. भानुप्रतापपुर * जिला - उ.ब.कांकेर (छ.ग.) *

**PRINCIPAL**
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)




# एनएसएस स्वयंसेवकों ने की कॉलेज परिसर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्ताहिक गतिविधियों के तहत शनिवार को स्वयं सेवकों ने कॉलेज परिसर के साथ-साथ कॉलेज रोड का सफ़ाई किया है। स्वयं सेवकों ने कॉलेज रोड के साइड में बने पीलरो का भी रंग-रोगन किया। साफ-सफाई करने के बाद स्वयं सेवकों की बैठक हुई। इस दौरान कई स्वयं सेवकों ने कहनी, चुटकुला, गाना, मिमिक्री, मोटिवेशनल स्पीस, जादू आदि प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग ने बताया कि एनएसएस से जुड़कर आप अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल सकते हो। श्री नाग ने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य "नॉट मी, बट यू" है। एक एनएसएस स्वयंसेवी 'स्वयं' से पहले 'समुदाय' को स्थान देता है। यह शिक्षा के तीसरे आयाम का हिस्सा है, अर्थात मूल्यवर्धक शिक्षा है जो कि तेजी से महत्वपूर्ण बनती जा रही है। उन्होंने ये भी कहा कि स्वयं के व्यक्तित्व को विकसित करने के अलावा आज आप लोगों ने समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, आरके दर्रो, नन्दिनी कश्यप, सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, मुकेश डहरवाल, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव, अभिषेक ठाकुर, देवेन्द्र सिन्हा सहित समस्त एनएसएस स्वयं सेवक उपस्थित थे।

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Plantation Progroom - Awareness Program

Date - 20/08/2022

पत्रिका

Kanker, 14/09/2022, Page 02

# हम आने वाले कल के लिए एक पौधे लगाएं : डॉ रश्मि

भानुप्रतापपुर @ पत्रिका. शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर परिसर में गत दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आईक्यूएसी के संयुक्त प्रयास से पौधरोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि पेड़ों के कारण हमारा अस्तित्व इस धरती पर है। हम आने वाले कल के लिए एक पौधे जरूर लगाएं। आइक्यूएसी प्रभारी श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि पेड़ों से ही हमारा पर्यावरण संतुलित होता है। मानव जाति प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होती है। पौधरोपण हमारे लिए आवश्यक है। छात्र संघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखते हैं। एक जीवन, एक पौधा, हर आंगन, स्वच्छ पर्यावरण होना अनिवार्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भूमिराज पटेल ने कहा कि औद्योगिक विकास के कारण पेड़ों की असंतुलित कटाई से वातावरण में प्रदूषण फैलता है। हमें एक स्वच्छ वातावरण और जीवन के अस्तित्व के लिए पौधरोपण और वनों को कटने से बचाना है। इस अवसर पर सीपी ठाकुर, कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, रितेश कुमार नाग, नैक प्रभारी डॉ मनीषा ठाकुर, सुषमा चालकी, नंदिनी कश्यप, प्रवीण ठाकुर, दिलीप रामटेके, गिरधारी लाल सिन्हा, संतोष कुमार यादव, पूरन गोटी, रविंद्र कोर्राम, बाबूलाल कोठारी, दीपक यादव, नेमीचंद भुसाखरे, प्रदीप बनकर एवं रासेयो के स्वयंसेवक उपस्थित थे।




PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Awareness Program - International Human Rights Day
Date - 10/12/2022




दैनिक भास्कर कांकेर 11-12-2022

# शासकीय महर्षि कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस

भास्कर न्यूज | भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में शनिवार को एनएसएस द्वारा विश्व मानव अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया थे। डेहरिया ने बताया 10 दिसंबर का दिन संपूर्ण राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है इसकी शुरुआत 10 दिसंबर 1948 को हुई थी। जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सार्वभौमिक मताधिकार घोषणा पत्र को आधिकारिक रूप से मान्यता दी।

सभी राष्ट्रों को यह आग्रह किया कि वे अपने अपने राष्ट्र में सभी नागरिकों को उनके अधिकार से वंचित ना रखें और उन्हें अधिकार की सुविधा प्रदान करें। विश्व के नागरिकों को अधिकार देने के लिए विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। जन्म लेने के साथ ही मनुष्य को कुछ मूल अधिकार मिल जाते हैं। भारत का संविधान देश के सभी नागरिकों को मानव अधिकारों की गारंटी देता है और उसे तोड़ने वाले को सजा भी देता है। राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार डडरवाल ने मौलिक कर्तव्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने तीन मूलभूत मानव अधिकार जीवन जीने का अधिकार, भोजन पाने का अधिकार एवं आश्रय पाने का अधिकार के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग ने मौलिक अधिकार और मानवाधिकार के बीच अंतर को बताया। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी सीपी ठाकुर, सहायक प्राध्यापक नंदनी कश्यप, टुमेश कोसमा, जीवन लाल साहू, मोहनीश कुमार, कनिका राजपूत, सतीमा ठाकुर, डिंपल सोनी, अजय उसेंडी सहायक प्राध्यापक शांतिराम ढाली आदि उपस्थित थे।



भानुप्रतापपुर। कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## सुरोना कॉलेज में हुआ बौद्धिक चर्चा-परिचर्चा

सरोना | शासकीय महाविद्यालय सरोना में मानवाधिकार दिवस पर बौद्धिक चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को मानव अधिकार के ऐतिहासिक पहलुओं से लेकर वर्तमान परिदृश्य में अधिकारों का महत्व, सदुपयोग, पहुंच एवं समस्या निवारण संस्थाओं की जानकारी दी। जिला न्यायालय कांकेर सचिव विधिक प्राधिकरण डीके गिलहरे द्वारा मानव अधिकारों की उत्पत्ति एवं किस प्रकार से हमारे धार्मिक ग्रंथों में मानव के महत्व के बारे में चर्चा जानकारी दी। डीएसपी मेजरलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अधिकारों के महत्व को बताया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया द्वारा महिलाओं के अधिकार की जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन के जिला समन्वयक अमित बघेल ने बाल कानून की जानकारी दी।

शा. म. वा. स्ना. महावि. भानुप्रतापपुर, जिला - उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Awareness Program - National Voters Day
Date - 25/01/2023




PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Awareness Program – Cyber Security Awareness Program

Date – 06/02/2023







PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Distt. - U. B. Kanker(C.G.)

International Yoga Day

Date - 21/06/2023

## कॉलेज में योगाभ्यास कर योग दिवस मनाया

**भानुप्रतापपुर.** शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि योग स्वस्थ्य मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है। यह प्रशंसनीय है कि आम लोगों का भी झुकाव योग की ओर तेजी से बढ़ा है। इस अवसर पर योग ट्रेनर एवं पत्रकारिता के छटवें सेमेस्टर के छात्र मोहनीष कुमार ने समस्त प्राध्यापकों को सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, कपालभाती इत्यादि आसन कराएं।



योगाभ्यास में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, एनएसएस प्रभारी रितेश कुमार नाग, डॉ नसीम अहमद मंसूरी, सुषमा चालकी, नंदनी कश्यप, श्रीदाम ढाली, टूपेश कोसमा, प्रवीण ठाकुर, दिलीप कुमार रामटेके, गिरधारी लाल सिन्हा, बाबूलाल कोठारी, रविन्द्र कोर्राम, रैनसिंग कांगे, तुलाराम साहू आदि ने हिस्सा लिया।



## कॉलेज में योगाभ्यास कर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भानुप्रतापपुर/छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस। शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय



भानुप्रतापपुर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक अध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि योग स्वस्थ्य मानव जीवन के लिए अत्यावश्यक है। योगाभ्यास में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, एनएसएस प्रभारी रितेश कुमार नाग, डॉ नसीम अहमद मंसूरी, सुषमा चालकी, नंदनी कश्यप, श्रीदाम ढाली, टूपेश कोसमा, प्रवीण ठाकुर, दिलीप कुमार रामटेके, गिरधारी लाल सिन्हा, बाबूलाल कोठारी, रविन्द्र कोर्राम, रैनसिंग कांगे, तुलाराम साहू आदि ने हिस्सा लिया।

शा.म.वा.पी.जी. महावि. भानुप्रतापपुर जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Gender Issues / Awareness Program - Women Empowerment Program
Date - 01/03/2023







PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

AIDS Awareness Program – World Aids Day
Date – 01/12/2022




PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

SVEEP – Voter Awareness Program
Date – 10/11/2022




# भानुप्रतापपुर महाविद्यालय में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भानुप्रतापपुर (चैनल इंडिया)।** जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में गुरुवार को रासेयो एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर सेक्टर सुपरवाइजर निरकार श्रीवास्तव ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में सभी पात्र लोगों के नाम जोड़ने सहित शत-प्रतिशत मतदान से ही सही जनप्रतिनिधि एवं सरकार का चुनाव होगा और लोकतंत्र मजबूत होगा।







उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में केवल नाम होना पर्याप्त नहीं है। यह तभी सार्थक होगा जब आप वोट अधिकार का इस्तेमाल करें। मतदाता सूची में नाम रहने पर ही कोई नागरिक वोटिंग कर सकता है। इसलिए पात्र व्यक्ति अभी से सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम शामिल है अथवा नहीं। फार्म 6 में आवेदन देकर कोई भी पात्र व्यक्ति अपना नाम जुड़वा सकता है। उन्होंने ये भी बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिक आगामी भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए 17 नवम्बर 2022 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन कर सकते हैं। एकता चौहान ने तकनीकी जानकारी देते हुए वोटर पोर्टल के बारे में बताया कि मोबाइल से यह प्रक्रिया घर बैठे किया जा सकता है तथा मतदान केन्द्रों पर जाकर भी नाम जुड़वाया जा सकता है, इसकी प्रक्रिया बड़ी सरल है।

## नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति किया जागरूक

इस दौरान कालेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को वोट के महत्व को बताया और मतदान में बढ़ चढ़ भाग लेने के लिए अपील किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने स्वागत भाषण से किया। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आर के दर्रो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग ने महाविद्यालय के वेबसाइट में मौजूद वोटर लिंक के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक केके प्रधान, डॉ तसनीम अहमद मंसूरी, सौरभ ठाकुर, नंदिनी कश्यप, सुषमा चांदवानी, स्नेह रितेश नाग, मुकेश उइके, ओंटम वर्मा, योगेश यादव, जीवन साहू, ईश्वर लाल सिन्हा, टुकेश कोमरा, अभिषेक ठाकुर एवं भानुप्रतापपुर सेक्टर के बीएलओ प्रकाश दास, आनंद कलकर, नितिन तिवारी, सज्जन कश्यप, रोशन भास्कर, महेन्द्र मलेकर सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या विद्यार्थी मौजूद थे।

शा. म. वा. पी. जी. महावि. भानुप्रतापपुर जिला - उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Distt. - U. B. Kanker(C.G.)

SVEEP - Quiz and Speech Program

Date - 17/11/2022


























PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

दैनिक भास्कर कांकेर 20-11-2022

# कॉलेज छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



भानुप्रतापपुर। शनिवार को छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली।

भास्कर न्यूज | भानुप्रतापपुर

स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को रासेयो एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। एसडीएम प्रतीक जैन, एसडीओपी प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी तेज वर्मा, प्रभारी प्राचार्य एसएन डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी आरके दरों द्वारा रैली को रवाना किया गया।

लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। 18 वर्ष से अधिक आयु का व्यक्ति जिसे मतदान का अधिकार है, उन्हें नारे के माध्यम से वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। रैली रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कोसमा, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी के नेतृत्व में भानुप्रतापपुर मैन चौक, परशुराम चौक, चौपाटी मार्ग, न्यायालय चौक होते हुए मुख्य मार्ग से वापस पहुंची। रैली में नंदिनी कश्यप, उपासना निषाद, मुकेश डहरवाल, जीवन साहू, ईश्वर सिन्हा, श्रीदाम ढ़ाली, अभिषेक ठाकुर, देवेंद्र सिन्हा, राकेश कुमार, पूर्व छात्र कुमार तोप्पा, छात्र राजेंद्र उसारे, रैनसिंह कांगे आदि उपस्थित थे।

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Distt. - U. B. Kanker(C.G.)

दैनिक भास्कर

कांकेर 08-12-2022

# मतदाता मित्रों ने मतदान में निभाया अहम रोल, दिव्यांगों और बुजुर्गों की मदद की

भास्कर न्यूज | भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर। मतदाता मित्रों ने मतदाताओं को लाने में किया सहयोग।

भानुप्रतापपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए 5 दिसंबर को मतदान हुआ। इस बार निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा केवल दिव्यांग मतदाताओं के लिए ही नहीं, बल्कि 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं का विशेष ख्याल रखा गया। एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस, स्काउट गाइड के कैडेट, वालिंटियर्स, स्वयंसेवकों को मतदाता मित्र के रूप में नियुक्त कर दिव्यांग व बुजुर्गों को मतदान केंद्र तक लाने में मदद करने की जिम्मेदारी दी। मतदाता मित्रों ने भी मिली जवाबदारी को बखूबी निभाते हुए सुबह 7 बजे से ही बुजुर्गों व दिव्यांगों को मत दिलाने घरों से मतदान केंद्र लाने में जुट गए।

भानुप्रतापपुर महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग व सहायक कार्यक्रम अधिकारी टुपेश कोसमा ने बताया रासेयो के स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम कराठी, संबलपुर में, मुल्ला, चौगेल, साल्हे, ईरागांव, रानवाही, नारायणपुर-2, कन्हारगांव, भानुप्रतापपुर के 6 सहित लगभग 20 केंद्रों में मतदाता मित्र में अपनी सेवाएं दी। प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने उपचुनाव में कार्य करने वाले सभी मतदाता मित्रों को बधाई दी।

**इन्होंने निभाई मतदाता मित्र की जिम्मेदारी** अंचल के मतदान केंद्रों में रैनसिंह कांगे, अंजू पूरामे, चंदना राय, राजकुमार कुलदीप, सौरभ यदु, झरना यदु, पायल समरथ, छबिता, आदित्यनाथ, खिलेश्वरी, मोनिका साहू, नम्रता यादव, तेजल त्रिपाठी, मेघा साहू, सामंत साहू, गीतांजलि नाग, कंचन कोठारिया, तुलसी लेंड़िया, ईशा कोठेवार, रोशनी मंडावी, अजय उसेंडी, राजेंद्र उसारे, राखी जैन, रक्षा जैन, भारती साहू, रोशनी मंडावी, संतोषी पोटाई, सशिता नेताम, मानबत्ति टेकाम, नंदकिशोर हिड़को, चिमेंद्र खड़हे, जगदीश दर्रो, सोनिया पुड़ो, अजेश्वरी मंडावी, सिम्मी ध्रुव, भुनेश्वरी कांगे, प्रियंका नेताम, अनुष्का त्रिपाठी, मानसी यादव, दीपिका कोर्राम, देविका बारला, अवनी श्रीवास्तव, तनवीर सेमाले आदि मतदाता मित्र के रुप में जिम्मेदारी का वहन किया।

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Har Ghar Tiranga Abhiyaan

**आज की जनधारा** **आंचलिक**

# हर घर तिरंगा अभियानः भानुप्रतापपुर कॉलेज ने निकाली तिरंगा यात्रा, किया जागरूक

## महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर ने हर घर तिरंगा अभियान के लिए किया आह्वान

जनधारा समाचार



भानुप्रतापपुर। इस वर्ष हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। प्रदेश सरकार एवं आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के शासकीय महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली। लोगों में देश भक्ति की भावना पैदा करने व अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने के लिए तिरंगा यात्रा निकालकर प्रेरित किया गया है। शनिवार को महाविद्यालय परिवार ने कॉलेज कैम्पस से नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 के कॉलेजपारा तक तिरंगा झंडा लेकर जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया है। इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर वार्डवासियों के हाथों तिरंगा झण्डा देकर जागरूक किया गया है। साथ ही हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पूरे जोश से भारत माता की जय के नारे का जयघोष किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य ने संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है। इस वर्ष हमारे भारत देश की आजादी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

कॉलेज के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, आर के दर्रो, महाविद्यालय तिरंगा यात्रा के प्रभारी व एन एस एस प्रभारी डॉ. भूमिराज पटेल, सहायक प्राध्यापक रितेश कुमार नाग, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, डॉ. मनीषा ठाकुर, श्रीदाम ढाली, प्रवीण ठाकुर, पुरान सिंह गोटी, गिरधारी लाल सिन्हा, दीपक यादव, नेमीचंद भुआर्य, रविन्द्र कोराम, प्रमोद साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

एनसीसी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# वाल्मीकि कॉलेज के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली और किया जागरूक



भानुप्रतापपुर। इस वर्ष हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। प्रदेश सरकार एवं आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र के शासकीय महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली। लोगों में देश भक्ति की भावना पैदा करने व अपने-अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने के लिए तिरंगा यात्रा निकालकर प्रेरित किया गया है। शनिवार को महाविद्यालय परिवार ने कॉलेज कैम्पस से नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 के कॉलेजपारा तक तिरंगा झंडा लेकर जागरूकता रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया है। इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर वार्डवासियों के हाथों तिरंगा झण्डा देकर जागरूक किया गया है। साथ ही हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पूरे जोश से भारत माता की जय के नारे का जयघोष किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य ने संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व है। इस वर्ष हमारे भारत देश को आजादी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और इस खुशी में पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और इस पर्व को पूरे हर्षोल्लास से मनाते हुए 13 से 15 अगस्त तक गरिमा, मर्यादा व सम्मान सहित अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य फहराएं। इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, आर के दर्रो, महाविद्यालय तिरंगा यात्रा के प्रभारी व एन एस एस प्रभारी डॉ. भूमिराज पटेल, सहायक प्राध्यापक रितेश कुमार नाग, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, डॉ. मनीषा ठाकुर, श्रीदाम ढाली, प्रवीण ठाकुर, पुरान सिंह गोटी, गिरधारी लाल सिन्हा, दीपक यादव, नेमीचंद भुआर्य, रविन्द्र कोराम, प्रमोद साहू सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

Maharshi Valmiki Jayanti
Date - 10/10/2022

# इंसान चाहे तो वह अपनी इच्छा शक्ति के बल पर असंभव को भी संभव बना सकता है : डॉ. रश्मि सिंह

## भानुप्रतापपुर महाविद्यालय में वाल्मीकि जयंती मनाया गया





भानुप्रतापपुर/छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

शासकीय महर्षि वाल्मीकि पी.जी. महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के छायाचित्र पर पूजार्चना एवं माल्यार्पण कर किया।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सिंह ने बच्चों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से परिचित कराते हुए कहा कि यदि इंसान चाहे तो वह अपनी इच्छा शक्ति के बल पर असंभव को भी संभव बना सकता है। जिस प्रकार एक रत्नाकर नाम का डाकू जो नारदमुनि का मार्गदर्शन पाकर महर्षि वाल्मीकि बन गए, उसी प्रकार छात्र-छात्राएं भी अच्छा मार्गदर्शन पाकर अच्छे नागरिक बन सकते हैं।

आगे संबोधित करते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि के जीवन से सीख लेकर लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। डॉ. सिंह ने ये भी कहा कि महर्षि वाल्मीकि आदि कवि के रूप में प्रसिद्ध थे। उनके द्वारा रचित रामायण संपूर्ण जीवन का आधार है। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक ने कहा कि हमें महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलना चाहिए। तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है और सही रास्ते पर चल सकेंगे। इन्होंने ये भी कहा कि कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को एकसूत्र में पिरोने का जो संदेश दिया वह आज के दौर में अनुकरणीय है। कवि वाल्मीकि महान तपस्वी सन्यासी ने आदर्श भगवान राम के जीवन चरित्र पर रामायण की रचना की। उन्होंने रामायण में श्री राम के शील, शक्ति, सौंदर्य, समन्वित व्यक्तित्व को परिभाषित किया। श्री डेहरिया ने कहा कि वाल्मीकि का जीवन दर्शन भारतीय समाज को प्रकाशित करता रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आर.के. दर्रो, कमल किशोर प्रधान, रितेश कुमार नाग, क्रीड़ा अधिकारी सी.पी. ठाकुर, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, सुषमा चालकी, नन्दिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, जीवन यादव, श्रीदाम ढ़ाली, ईश्वर लाल सिन्हा, टुपेश कोसमा सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्याओं में उपस्थित थे।

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

National Unity Day

दैनिक भास्कर कांकेर 02-11-2022

आयोजन • सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार में हुए कार्यक्रम

# बच्चों ने एकता दौड़ से सद्भावना का दिया संदेश




धनेलीकन्हार। राष्ट्रीय एकता दिवस पर बच्चों को एकता व अखंडता की दिलाई गई शपथ।

भास्कर न्यूज | धनेलीकन्हार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार में बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता और अखंडता के लिए दौड़ लगाई। रेडक्रॉस काउंसलर व्याख्याता ओम प्रकाश सेन ने बताया भारत के पहले उपप्रधानमंत्री व पहले गृहमंत्री तथा लौहपुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वीं जयंती पर विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस, एनएसएस, स्काउट गाइड दल के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया।

प्राचार्य ममता गोस्वामी के साथ बच्चों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने, देशवासियों के बीच सद्भावना का संदेश देने, देश की एकता की भावना को लोगों तक पहुंचाने, सरदार पटेल की दूरदर्शिता व कार्यों को सफल बनाने उनके जन्मदिवस पर बच्चे ने तिरंगा लेकर मुख्य चौक चौराहे पर देशभक्ति नारों का वाचन कर दौड़ लगाई। प्रधानाध्यापक सियाराम धनकर ने सरदार पटेल के जीवन से जुड़ी घटनाओं को बच्चों के सामने रखा। व्याख्याता रमेश उइके ने बच्चों, शिक्षकों व पालकों को एकता व अखंडता की शपथ दिलाई।

इस मौके जानकी नेताम, शर्मिला भट्ट, दीपिका ठाकुर, रमेश उइके, यशवंत जैन, रामभरोस कुंजाम, अंजोरी मरकाम, किरण माने, आकांक्षा पवार, हुमेश्वरी खरे, प्रदीप साहू, राम सिंह साहू, पूर्णिमा देवांगन, लक्ष्मी जैन, प्रियंका ठाकुर, केके पोरिहार, घनश्याम पटेल, अशोक बंजारा, दिनेश लाल, सरस्वती मंडावी आदि उपस्थित थे।

## महर्षि कॉलेज में मनाया एकता व संकल्प दिवस



भानुप्रतापपुर। कॉलेज के छात्रों व स्टॉफ ने ली एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ।

भानुप्रतापपुर | शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस व संकल्प दिवस मनाया गया।

प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने सरदार वल्लभभाई पटेल और इंदिरा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों व स्टॉफ को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. सिंह ने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता के सूत्र में पिरोया व सभी को हमेशा एकता व भाईचारे से रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में भाईचारे व एकता की भावना बढ़ती है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अहम योगदान दिया। हमें सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक रामानंद देवांगन ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी दी। छात्र संघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आनंद दर्रो, केके प्रधान, रितेश कुमार नाग, संतोष नेटी सोरी, क्रीड़ा अधिकारी गौरी ठाकुर, वंदनी कश्यप, सुषमा नाहनकर, स्नेहा रितेश नाग, श्रीराम बानी, ईश्वरलाल मिश्रा, संतोष यादव, जीवन लाल साहू, दीपक कोर्राम, दीपक यादव, नीरेन्द्र भुवार्य आदि उपस्थित थे।




शा. म. वा. पी. जी. महावि. भानुप्रतापपुर जिला - उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist - U. B. Kanker(C.G.)




दैनिक भास्कर कांकेर 04-11-2022

समारोह • महर्षि वाल्मीकि पीजी कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व रासेयो की ओर से हुआ कार्यक्रम

# केक काटकर मनाया राज्य स्थापना दिवस, क्विज प्रतियोगिता हुई

भास्कर न्यूज | भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं रासेयो द्वारा केक काटकर राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. रहीम सिंह ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे 22 वर्ष हो चुके है। छत्तीसगढ़ राज्य वर्तमान में अपनी सुव्यवस्था की ऊंचाइयों तक पहुंच चुका है। साल 2000 में जुलाई में लोकसभा और अगस्त में राज्यसभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। उस वक्त छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का हिस्सा था। छत्तीसगढ़ अपने प्राकृतिक संसाधन के साथ-साथ अपनी संस्कृति और रीति रिवाज के नाम से भी जाना जाता है। यहां की आदिवासी संस्कृति आज भी प्रदेश के लोगों को लिए खास मानी जाती है।



भानुप्रतापपुर। महर्षि वाल्मीकि पीजी कॉलेज में केक काटकर मनाया गया स्थापना दिवस।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा जब भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर छत्तीसगढ़ को एक स्वतंत्र राज्य घोषित किया था तो 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ देश का 26वां राज्य बना था। राज्य सरकार राज्योत्सव मैदान में उत्सव का आयोजन करती है, जहां छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को उजागर करने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला देखी जाती है। कार्यक्रम को वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सतीश चंद्र साव, कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक नंदिनी कश्यप, सुषमा चक्रवर्ती, स्नेहा दिनेश नाग, मुकेश डहरवाल, जीवन साहू, ईश्वर सिन्हा, अभिषेक ठाकुर, सहायक प्राध्यापक योगेश पटेल, श्रीराम बानी, टुमेश कोलम्म आदि उपस्थित थे।

## क्विज कंपटीशन में कई रोचक प्रश्न पूछे

दूसरे सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी और छत्तीसगढ़ी में राज्य के 36 प्रश्न पूछे गए और सभी प्रश्न का उत्तर विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ दिया। हर एक प्रश्न के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थी को अतिथियों के हाथों से ऑन द स्पॉट पुरस्कार भी दिए गए। इस प्रतियोगिता में कई रोचक प्रश्न भी पूछे गए है। इसमें छत्तीसगढ़ी में रमकलिया किस सब्जी को कहा जाता है, छत्तीसगढ़ी में दटा का मतलब क्या होगा। छत्तीसगढ़ का सबसे लंबा जलप्रपात कौन सा है। भानुप्रतापपुर नगर का नाम किस राजा के नाम पर रखा गया है और अंतिम प्रश्न के रूप में जैसे ही पूछा गया कि छत्तीसगढ़ म कक्का नाम से कौन ला जाने जाथे, प्रश्न पूछते ही सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह से एक साथ हाथ उठाकर कहा कि हमर कक्का भूपेश बघेल। स्पर्धा में कृति एंड ग्रुप ने प्रथम, दीपा एंड ग्रुप और नीलिमा एंड ग्रुप ने द्वितीय एवं आशा एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान पाया।

शा. म. वा. पी. जी. महावि. भानुप्रतापपुर * जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.) *

PRINCIPAL
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)

# स्वामी विवेकानंदन जी का जीवन एवं दर्शन विश्व के लिए प्रकाश-पुंज की तरह : प्राचार्य

## महर्षि वाल्मीकि कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

चैनल इंडिया

**भानुप्रतापपुर ।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजार्चना कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि 12 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस भारत के उन युवाओं व नौजवानों को समर्पित एक खास दिन है, जो देश के भविष्य को बेहतर और स्वस्थ बनाने की क्षमता रखते हैं।



उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा, सन्यासी, शिक्षा शास्त्री, देशभक्त तथा समाज सुधारक थे। युगपुरुष स्वामी विवेकानंदजी का जीवन एवं दर्शन विश्व के लिए प्रकाश पुंज की तरह है। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत है। आज युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि एक विचार, चिंतन, विचारधारा है। आज सभी युवाओं को स्वामीजी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है।

वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक आर के दर्रो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिवस स्वामी विवेकानंदजी के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। क्योंकि यह माना जाता है कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा पुरुष के रुप में जाने जाते है। युवा समाज का कर्णधार होता है, युवा ओज से परिपूर्ण होता है और युवा ही किसी देश के आर्थिक प्रगति रुपी जहाज का कप्तान होता है।

इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग ने स्वामी विवेकानंद से जुड़ी हुई गतिविधियों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया तथा उनके विषय में सर्वधर्म सम्मेलन जो कि शिकागो में आयोजित हुआ था, उसके विषय में विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, सतीश चंद्र खंग, क्रीड़ा अधिकारी सीपी ठाकुर, सुषमा चालकी, नंदिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, श्रीदाम ढाली, टुपेश कोसमा, राकेश कुमार अमिला, ईश्वर लाल सिन्हा, जीवन साहू, प्रवीण ठाकुर, गिरधारी लाल सिन्हा, पूरन सिंह गोटी, दिलीप रामटेके, रविंद्र कोर्राम, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय में मटका फोड़, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीप्ति मंडल बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान अनूप मंडल बीए(जेएमसी) द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान तेजल त्रिपाठी बीए प्रथम वर्ष और द्वितीय स्थान सौरभ यदु बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया है।

शा.म.वा. पी. जी. महावि. भानुप्रतापपुर * जिला - उ.ब.कांकेर(छ.ग.) *

**PRINCIPAL**
Govt. Maharshi Valmiki P. G. College
Bhanupratappur, Dist. - U. B. Kanker(C.G.)